मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 07 अप्रैल 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	07-04-14	08-04-14	09-04-15	10-04-15	11-04-15
वर्षा (मि.मी.)	1	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	36	36	37	37	36
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	20	20	21	22	24
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	2	2	1	1	2
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	68	66	64	62	65
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	24	22	21	20	22
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	10	12	9	11	8
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

11 अप्रैल तक मौसम साफ रहनें का अनुमान। कटाई और थ्रैसिंग का बचा हुआ काम पूरा करने के लिए उचित समय है।

खलिहान में पड़ी फसल वर्षा के कारण गीली हो गई हो तो उसे पलट कर सुखाएं उसके बाद थ्रैसिंग करें ।

किसान भाई खलिहान में पड़ी उपज को सुखा कर बोरियों में भरकर भण्डारित करें।

भिण्डी की फसल में पीत–शिरा मोजैक रोग का प्रकोप दिखाई देने पर मैलाथियान 50 ई.सी. 1 मिली लीटर दवा प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करें।

बेल वाली फसलो में फल मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु डाइमिथोएट 30 ई.सी. एक मिली लीटर दवा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

भेड़ बकरीयों को परजीवीनाशक दवा पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार समय पर दें।

गायों में समय से कृत्रिम गर्भाधान संपादित कराएं।